।। श्री महावीराय नमः ।।

# भगवान महावीर देशना फाउण्डेशन
# BHAGWAN MAHAVIR DESHNA FOUNDATION

( CIN: U85300DL2021NPL384749, a section 8 company setup under the Companies Act, 2013)

BMDF
परस्परोपग्रहो जीवानाम्

| Subash Oswal Jain | Anil Jain CA | Rajiv Jain CA | Manoj Jain |
|---|---|---|---|
| Director | Director | Director | Director |
| 9810045440 | 9911211697 | 9811042280 | 9810006166 |


BMDF/020/2021-22
22 September 2021

माननीय प्रधानमंत्री जी
भारत सरकार
प्रधानमंत्री कार्यालय
नई दिल्ली

सादर जय जिनेंद्र
मान्यवर, हम आपका ध्यान भारतीय जनता पार्टी की राजनीति और पार्टी संगठनों में जैन समाज की घटती भागीदारी की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं। सर्वविदित है कि आज जैन समाज ने अपने अवदानों से देश में ही नहीं, संपूर्ण विश्व में अलग पहचान बनाई है। भारत भूमि में जैन समाज का वर्षों से व्यापारिक, बौद्धिक और सामाजिक वर्चस्व रहा है। यहां तक कि महाराणा प्रताप जैसे योद्धा भी जैन समाज के भामाशाह के सहयोग से ही स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ पाए थे। रानी लक्ष्मीबाई को युद्ध में सहयोग करनेवाले अमरचंद भाटिया भी जैन थे।

कह सकते हैं कि जैन समाज ने हमेशा सामाजिक समरसता में सहयोग किया है। इस समाज ने सभी समाजों के साथ मिलकर देश के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। राजनीति में कंधे से कंधा मिलाकर बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। हर चुनाव में जैन समाज के वोट निर्णायक होते हैं। यह भी बहुत बड़ा सच है कि जैन समाज भाजपा का स्थायी वोट बैंक है और शुरू से ही यह समाज भाजपा के पक्ष में वोटों को तब्दील करता है। जैन समाज का संदेश जीओ और जीने दो आज पूरे संसार में जाना जाता है। देश के प्रधानमंत्री होने के बावजूद आप स्वयं, एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता—सह—देश के गृहमंत्री अमित शाह भी जैन संतों के प्रति अगाध श्रद्धाभाव रखते हैं। ऐसे में संपूर्ण जैन समाज का भाजपा से खास जुड़ाव है।

मान्यवर, वर्ष 2014 में जैन समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा मिला। इसके साथ ही जैन समुदाय मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी समुदायों के साथ अल्पसंख्यक का दर्जा पाने वाला देश का छठा समुदाय हो गया है। देश में हमारे समाज की आबादी लगभग 60 लाख है और उनमें से अधिकांश कारोबारी और संपन्न हैं। अल्पसंख्यक का दर्जा पाने से यह समाज भी सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदायों को मिलने वाले फायदे हासिल कर रहा है। लेकिन, दुख की बात यह है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद आज राजनीति में जैन समाज की भागीदारी दिनोंदिन सिकुड़ती और सिमटती जा रही है।


201, Prakash House, 4379/4B, Ansari Road Darya Ganj New Delhi-110002
https://bmdf.in/, Phone: 01143596768, 23286768, email: bmdfindia@gmail.com

# भगवान महावीर देशना फाउण्डेशन
# BHAGWAN MAHAVIR DESHNA FOUNDATION

( CIN: U85300DL2021NPL384749, a section 8 company setup under the Companies Act, 2013)

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

**Subash Oswal Jain** Director 9810045440 | **Anil Jain CA** Director 9911211697 | **Rajiv Jain CA** Director 9811042280 | **Manoj Jain** Director 9810006166


महोदय, जैन धर्म ने विश्व को सदैव मानवता का मार्ग दिखाया है। मानव कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, बेटी प्रोत्साहन समेत अन्य सामाजिक संदेश दिए। यानी, जैन समाज के लोगों ने सदैव आदर्श नागरिक के रूप में खुद को स्थापित करने के साथ बेहतर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनीति में आज अच्छे लोगों की जरूरत है। राजनीति में अच्छे लोगों का आना या उन्हें राजनीति में मौका देना बेहद आवश्यक है। राजनीति में यदि अच्छे लोग आते हैं तो समाज और देश की उन्नति होती है। लेकिन, आज की तारीख में लोकसभा, विधानसभा में जैन समाज का दिनोंदिन घटता प्रतिनिधित्व चिंता का विषय है। कभी लोकसभा में जैन समाज के 36 सांसद हुआ करते थे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि विधानसभाओं में जैन समाज की अच्छी भागीदारी हुआ करती थी, लेकिन आज राजनीति में इस समाज का स्थान क्षीण होता जा रहा है। ऐसे में ग्राम प्रधान से लेकर संसद तक हमारी भागीदारी जरूरी है। जैन समाज के लोग योग्य हैं, उन्हें भी उचित अवसर मिलना चाहिए और ऐसा केवल भारतीय जनता पार्टी और आप जैसे महापुरुष ही कर सकते हैं।

मान्यवर, जिस निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ सच्चे मन से देश की सेवा कर रहे हैं, वह तो स्तुत्य है ही, निर्णय लेने की आपकी क्षमता का भी देश—दुनिया कायल है। ऐसे में हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि जिस तरह आपने देशहित में अनुच्छेद 370 एवं 35ए के प्रावधानों को खत्म कर नागरिकता संशोधन विधेयक पारित कराया एवं वर्षों से लटके राम मंदिर विवाद को दूर करवाकर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने जैसा दूरगामी निर्णय लिया, उसी तरह जैन समाज को भी भाजपा संगठन एवं पार्टी की राजनीति में उचित भागीदारी दिलाकर जैन समाज पर उपकार करें।

अंत में, आपके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना के साथ...

भवदीय

मनोज जैन

निदेशक, भगवान महावीर देशना फाउंडेशन
मो.—9810006166

C.C.
1) Shri J. P. Nadda Ji (President Bhartiya Janta Party)
2) Shri Amit Ji Shah (Home Minister Government of India)



**201, Prakash House, 4379/4B, Ansari Road Darya Ganj New Delhi-110002**
**https://bmdf.in/, Phone: 01143596768, 23286768, email: bmdfindia@gmail.com**